# University in News on 13 April 2025

## NBT PAGE 4

# म्यूजिक थेरपी से दूर होगा गुरु जी का तनाव

### एलयू के साइकॉलजी विभाग में होगा शोध




Zeeshan.Rayini@timesofindia.com

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में अब प्रफेसरों का तनाव दूर करने के लिए म्यूजिक थेरपी दी जाएगी। इसके लिए साइकॉलजी विभाग ने वाराणसी के काशी विद्यापीठ से एमओयू किया है। इसके तहत काशी विद्यापीठ के विशेषज्ञ म्यूजिक थेरपी देंगे और साइकॉलजी विभाग इसका पूरा ब्योरा जुटाकर यह शोध करेगा कि किस प्रकार के तनाव में किस तरह की म्यूजिक थेरपी कारगर साबित हो रही है।

दुनिया भर में कई जगह तनाव घटाने के लिए म्यूजिक थेरपी पर काम हो रहा है। एलयू के जूलॉजी विभाग में भी अलग-अलग बीमारियों पर शास्त्रीय रागों का असर परखा जा रहा है। इसमें डायबीटीज और हाइपरटेंशन समेत कई बीमारियां शामिल है। इसी कड़ी में अब साइकॉलजी विभाग में तनाव दूर करने में म्यूजिक थेरपी के असर पर शोध किया जाएगा। विभाग की को-ऑर्डिनेटर डॉ. मानिनी श्रीवास्तव की अगुआई में थेरपी सेशन होंगे। डॉ. मानिनी ने बताया कि इसकी शुरुआत इसी महीने होगी। इसमें पहले शिक्षकों को म्यूजिक थेरपी दी जाएगी। फिर विवि के इच्छुक विद्यार्थियों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

#### देंगे पर्सनलाइज्ड थेरपी

काशी विद्यापीठ के डॉ. दुर्गेश उपाध्याय ने बताया कि म्यूजिक थेरपी के लिए एक स्क्रीनिंग टूल बनाया गया है। इसमें अलग-अलग तरह के म्यूजिक हैं। थेरपी से पहले हर शख्स से यह पूछा जाता है कि वह कैसा म्यूजिक कितनी देर सुनता हैं और कौन सा म्यूजिक सुनकर अच्छा महसूस करता है। हर शख्स की प्रोफाइल के मुताबिक जो सेट मैच होगा, उसके मुताबिक पर्सनलाइज्ड थेरपी दी जाएगी।

#### सुधरेगा हार्मोंस का स्तर

डॉ. दुर्गेश ने बताया कि आमतौर पर हार्मोंस का स्तर बिगड़ने पर तनाव महसूस होता है। ऐसे में हार्मोन बैलेंस करने के लिए दिन में 30 मिनट म्यूजिक सुनना चाहिए। नियमित ऐसा करने से हार्मोंस का स्तर सुधरने लगता है और तनाव कम हो जाता है। गर्भवतियों में इसके बेहतर परिणाम दिखे हैं।

## i-NEXT PAGE 6

# पार्टनरशिप ऑफ साइंस एंड फिलॉसफी पर चर्चा

### लखनऊ यूनिवर्सिटी में सेमिनार का आयोजन

LUCKNOW : लखनऊ यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ फिलॉसफी में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया. सेमिनार के दूसरे दिन शनिवार को स्टूडेंट्स ने मॉडर्न फिलॉसफी एंड साइंस, पैराडाइम शिफ्ट, पार्टनरशिप ऑफ साइंस एंड फिलॉसफी, डेविड ह्यूम एंड द लूपहोल को लेकर चर्चा की. जिसका समापन डिपार्टमेंट की हेड डॉ रजनी श्रीवास्तव ने किया.

# प्लेसमेंट के लिए 14 तक करें अप्लाई

LUCKNOW (12 APRIL): एलयू की सेंट्रल प्लेसमेंट सेल द्वारा विभिन्न कोर्सेज के स्टूडेंट्स को बेवन सॉल्यूशंस, कोडयंग, बाइंडिंग माइंड्स, एंड प्लैनेटस्पार्क जैसी कंपनियों में प्लेसमेंट के लिए अप्लीकेशन मांगे गए हैं. प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर अनूप कुमार भारतीय का कहना है कि छात्र प्लेसमेंट के लिए 14 अप्रैल तक अप्लाई कर सकते हैं.

## THE PIONEER PAGE 3

# 34 LU students get palcement

PIONEER NEWS SERVICE ■ Lucknow

A total of 34 students from the Lucknow University have been successfully placed in renowned national companies through a campus placement drive organised by the Central Placement Cell of the university. The recruiting organisations included Wipro, Seventy Five Ways Technologies, Jaro Education, Academor, and Umeed Foundation.

Vice Chancellor Prof Alok Kumar Rai and Director of the Central Placement Cell, Anoop Kumar Bhartiya, congratulated the selected students and extended their best wishes for a successful future.

Dr. Himanshu Pandey, Additional Director of the Placement Cell, shared detailed insights into the placement drive. He informed that Neha Chaudhary, a B.Tech student, has been offered a package of Rs 8.58 LPA for the position of Business Developer at Jaro Education.

At Wipro, four students — Saklain Abbas Zaidi (BCA), Harshit Mishra (BBA), Tanishka Mishra (MBA), and Arushi Singh (B.Com) — were selected for the role of Customer Service Representative with an annual package of Rs 3.08 lakh.

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

# लविवि के छात्रों को प्रतिष्ठित कंपनियों में आकर्षक प्लेसमेंट अवसर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं के लिए बेवन सॉल्यूशंस, कोडयंग, बाईडिंग माइड्स एवं प्लैनेटस्पार्क जैसी कंपनियों में नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. हिमांशु पांडेय ने जानकारी दी कि बेवन सॉल्यूशंस कंपनी में टैलेंट स्काउट पद के लिए तीन लाख वार्षिक पैकेज पर बीटेक, बीसीए, बीबीए, बीए, बीकॉम, बीएससी, एमसीए, एमबीए, एमए, एमएससी, एमकॉम के छात्र पात्र हैं और वे https://forms.gle/AfUr11soTGmAMZSSA लिंक पर आवेदन कर सकते हैं। कोडयंग कंपनी में इंटरनेशनल सेल्स स्पेशलिस्ट पद के लिए 7.36 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर किसी भी विषय में स्नातक या परास्नातक छात्र आवेदन कर सकते हैं, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन लिंक https://forms.gle/48hJtQk95e8TyHaW7 है। बाइंडिंग माइंड्स कंपनी द्वारा जूनियर रिक्रूटर पद पर 4.27 लाख वार्षिक पैकेज पर बीटेक, बीफार्म, बीबीए, बीए, एमबीए (एचआर) जैसे कोर्सेज के छात्र आवेदन कर सकते हैं और इसका लिंक https://forms.gle/aXtHFZDf4NVhZJvH9 है। वहीं प्लैनेटस्पार्क कंपनी में बिजनेस डेवलपमेंट काउंसलर पद के लिए 6.5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर स्नातक व परास्नातक छात्र आवेदन कर सकते हैं, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन लिंक https://forms.gle/jmTfcv6iXzQpJNxQ7 है।

केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि छात्र इन अवसरों के लिए 14 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों से इन सुनहरे अवसरों का लाभ उठाने की अपील की।